बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-180
03/05/2022

मुख्यमंत्री ने ईद–उल–फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों का किया भ्रमण, लोगों से मुलाकात कर दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना 03 मई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ईद–उल–फितर के अवसर पर खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री इमारत–ए–शरिया, फुलवारीशरीफ जाकर वहां के नायब अमीर–ए–शरीयत श्री शमशाद रहमानी, कार्यकारी सचिव मौलाना शिब्ली कासमी सहित अन्य लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज स्थित एदार–ए–शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ0 फरीद अमानुल्लाह, डॉ0 अहमद रजा एवं विधान पार्षद श्री गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। एदार–ए–शरिया के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य की तरक्की के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उन्हें आभार पत्र भी सौंपा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह–ए–मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं श्री आमिर जावेद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री फारूकी तंजीम के संपादक श्री एम0ए0 जफर के आवास, एक्जिविशन रोड स्थित डॉ0 अहमद अब्दुल हई के आवास, आशियाना दीघा स्थित डॉ0 मो0 ग्यासुद्दीन रई साहब के आवास एवं दानापुर छावनी स्थित हाजी मोहम्मद इलियास उर्फ सोनू बाबू के आवास पर जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

******